# कार्यालय निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।

## आदेश

02/नि.स्था. (प्रो. –01) – 12/2023

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या 19300 दिनांक 13.10.2023 द्वारा अधिसूचित "अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था नियमावली, 2023" में निहित शर्त्तों के आलोक में विभागीय स्क्रीनिंग समिति की दिनांक 08.09.2025 को सम्पन्न बैठक की कार्यवाही कंडिका–03 (घ) द्वारा की गई अनुशंसा के अनुसार आशुलिपिक, ग्रेड–I (प्रोन्नति का द्वितीय स्तर, पे लेवल–07) के निम्नांकित कर्मी को वरीयता एवं अर्हता पूरी करने के आधार पर प्रधान आशुलिपिक (प्रोन्नति का तृतीय स्तर, पे लेवल–08) का अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार प्रदान किया जाता है :–

| क्र. | नाम | वर्तमान पदनाम | वरीयता क्रमांक |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | **श्री शिव शक्ति कुमार** | आशुलिपिक ग्रेड–I | **04** |

2. उपर्युक्त कर्मी द्वारा वर्तमान धारित पद को अगले आदेश तक प्रधान आशुलिपिक (वेतन स्तर–08) में उत्क्रमित किया जाता है।
3. उक्त कार्यकारी प्रभार का आर्थिक लाभ उच्चतर पद पर योगदान की तिथि से अनुमान्य होगा।
4. कार्यकारी व्यवस्था के यह प्रक्रिया माननीय उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन सिविल अपील संख्या–4880/2017 राज्य सरकार एवं अन्य बनाम् सुशील कुमार सिंह एवं अन्य तथा अन्य सम्बद्ध वादों में पारित होने वाले अंतिम आदेश के फलाफल से प्रभावित होने की शर्त्त पर औपबंधिक रुप से प्रदान की जा रही है।
5. उपरोक्त आदेश में निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

11/9/25

(भरत कुमार)
संयुक्त निबंधक,
सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।

ज्ञापांक 8165 /पटना, दिनांक 11.09.2025

02/नि.स्था. (प्रो. –01) – 12/2023

प्रतिलिपि :– महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर/संबंधित कर्मी/संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना/सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– आप्त सचिव, माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– विभागीय आई.टी.मैनेजर, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेव साईट पर अपलोड किए जाने हेतु प्रेषित।

11/9/25

संयुक्त निबंधक,
सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।